दिनांकः 04.11.2026 समय: 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण में सरपंच और वॉर्ड पचों के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे-मतदान कल होगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने त्योहारी सीजन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये।

श्रीगंगानगर जिले के रामसिंहपुर के पास देर रात रेलवे ट्रैक पर विस्फोट-एहतियातन दो रेलगाड़ियां रद्द की गईं।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच जारी-भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

000

प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण में आज सरपंच और वॉर्ड पंच के लिए नामांकन भरे जा रह हैं। इसमें 3 हजार 716 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 34 हजार 218 वार्ड पंचों के चुनाव के लिए ये लिए ये नामांकन किये जा रहे हैं। इन पदों के लिए कल मतदान होगा। इसके बाद मतगणना कराई जाएगी। छह नवम्बर को उपसरपंच का चुनाव होगा। इससे पहले, कल जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए वोटिंग हुई। इस दौरान 68 दशमलव तीन नौ प्रतिशत मतदान हुआ। बांसवाड़ा जिले की नाहरपुरा पंचायत समिति में सबसे अधिक 82 दशमलव सात एक प्रतिशत वोट डाले गये। वहीं दौसा पंचायत समिति में सबसे कम लगभग 50 फीसदी मतदान हुआ।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि बेटियों को शिक्षा, संस्कार और समान अवसर देकर ही सशक्त राजस्थान का निर्माण किया जा सकता है। वे कल जयपुर के एक निजी स्कूल में प्रतिभा विकास शिविर समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से बालिका शिक्षा के प्रति सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने बालिकाओं से शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को अपनाने तथा बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीविका के माध्यम से प्रदेश

में 25 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है और 20 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने त्योहारी सीजन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। वे कल जयपुर में कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और पर्यटन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। उन्होंने बाजारों में यातायात और पार्किंग की उचित व्यवस्था करने तथा पटाखों की दुकानों पर अग्निशमन और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पैदल गश्त, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग और नाकाबंदी बढ़ाने के साथ सोशल मीडिया पर अफवाहों और भड़काऊ सामग्री की निगरानी करने के निर्देश दिये।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग सचिव वी. उमाशंकर से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा और नई सड़क परियोजनाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थानों को सुधारने, पुलों की मरम्मत और सड़कें चैड़ी करने के प्रस्तावों पर विचार किया गया। मुख्य सचिव ने राजस्थान की सात राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए 6 हजार 420 करोड़ रुपये की लंबित प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियां जल्द जारी करने का आग्रह किया।

000

विधि और न्याय मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में ई-फाइलिंग 3.0 कार्यशाला आयोजित की जाएगी। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल इसका उद्घाटन करेंगे। ये कार्यशाला ई कोर्ट मिशन मोड परियोजना के तहत हो रही है। इसमें सरकारी अधिकारियों को ई फाइलिंग प्लेटफॉर्म 3.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से न्याय प्रक्रिया सरल और सुलभ बनाने के बारे में भी बताया जाएगा है। कार्यशाला में ई कोर्ट संचालन, ई कोर्ट सिंगल साइन आ◌ा तथा ई कोर्ट सर्विसेज मोबाइल एप सहित कई विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किये जाएंगे। गौरतलब है कि ई कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण का उद्देश्य अदालतों को पूरी तरह डिजिटल और कागज रहित बनाना है। साथ ही नागरिक केन्द्रित न्यायिक ई सेवाएं उपलब्ध कराना है।

000

श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ क्षेत्र में रामसिंहपुर के पास कल देर रात रेलवे ट्रैक पर विस्फोट हुआ। इससे रेलवे ट्रैक के दो सीमेंट ब्लॉक टूट गए और पटरियों के बीच करीब ढाई फीट गहरा गड्ढा हो गया। लोहे की पटरी को भी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, रेलवे अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि विस्फोट में इस्तेमाल किए गए पदार्थ का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। विस्फोट से कुछ समय पहले ही इस ट्रैक से एक पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी। एहतियात के तौर पर सूरतगढ़-अनूपगढ़ और अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेल सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। रेलवे ट्रैक की मरम्मत और आवश्यक जांच पूरी होने के बाद ही इस मार्ग पर रेल यातायात बहाल किया जाएगा।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने अक्टूबर महीने में स्क्रैप बेचकर 68 करोड़ 46 लाख रुपये की आय अर्जित की है। यह राशि निर्धारित 33 करोड़ रुपये के लक्ष्य से दोगुने से भी अधिक है। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अक्टूबर तक कुल 221 करोड़ 50 लाख रुपये मूल्य का स्क्रैप बेचा गया है।

000

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की क्रिकेट श्रृंखला का पहला एक दिवसीय मैच आज खेला जा रहा है। ऑकलैंड के ईडन पार्क में सुबह साढ़े सात बजे से शुरू हुए इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम बल्लेबाजी कर रही है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ताजा जानकारी मिलने तक न्यूजीलैंड ने 14 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 73 रन बना लिए हैं। भारत, न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 श्रंखला 3-2 से पहले ही जीत चुका है।

उधर, युवा ओलिंपिक खेलों में भारत की राजकुमारी लंचेनबी चानू ने वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कल सेनेगल के डकार में यह पदक हासिल किया। इसके साथ ही वे युवा ओलिंपिक में वुशु में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। इस पदक के साथ युवा ओलिंपिक में भारत के कुल पदकों की संख्या तीन हो गई है।

000

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में अंतर के कारण मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतर स्थानों पर दिन के समय गरमाहट बनी हुई

है। वहीं सुबह और रात के समय हल्की ठंड महसूस की जा रही है। बीते 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर मौसम साफ रहा। वहीं बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, सीकर, अलवर और जयपुर सहित कई शहरों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बदलते मौसम के साथ ही श्रीगंगानगर सहित कुछ अन्य जिलों में दृश्यता प्रभावित हुई है और हल्का कोहरा छाया रहा। प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ और शुष्क रहने के आसार हैं।

000